PRESS RELEASE

BSNL Bharatnet Udyamis to reach villages with FTTH & OTT

It was a special day at Shimla for BSNL fiber broadband partners who celebrated their victory in championship program organized by BSNL.

BSNL made it more special by announcement of new services.

BSNL, one of India's leading TSP, announced the launch of its Over-the-Top (OTT) service Starter Pack in collaboration with Lionsgate, ShemarooMe, Hungama and EpicOn. "Through this innovative combination of high value OTT and competitive pricing, BSNL wants to leverage its vast network infrastructure and strong presence Pan-India to bring affordable OTT entertainment to every home, enabling them to stream their favorite shows, movies, music, and more. Together, these synergies promise to create a comprehensive and economical viewing ecosystem that caters to the growing demand for online content consumption in India" said Shri Vivek Banzal, Director CFA – BSNL Board.

BSNL also announced its upgraded version of MyBSNL mobile app. "The mobile app is going to be the main channel of customer communication and we are evolving this platform to enable zero touch service delivery for our customers." added Shri Vivek Banzal, Director (Consumer Fixed Access), BSNL Board.

BSNL has covered 30,000 plus Gram Panchayats through its fiber network reach, onboarding more than 3 lakh customers in last six months period. Felicitating its FTTH and Bharatnet Udyami partners at National event in Shimla, CMD BSNL Shri P K Purwar told "Digital initiatives are being taken not only in the urban areas, but also in rural where the technology plays a very pivotal role in improving the quality of life through online education, tele-medicine etc. Completely paperless customer onboarding and KYC process, has helped BSNL and its Udyami partners immensely." Winners from all the states were invited at this event and honored for their commendable services to the customers across the country.

BSNL also signed a MoU with Govt of Himachal Pradesh today to engage the skilled manpower available with technical institutions in the Himachal Pradesh state for speeding up the BSNL fibre rollout.

प्रेस विज्ञप्ति

बीएसएनएल भारतनेट उद्यमियों की एफटीटीएच और ओटीटी के साथ गांवों तक पहुंच

बीएसएनएल फाइबर ब्रॉडबैंड भागीदारों के लिए शिमला में यह एक विशेष दिन था, जिन्होंने बीएसएनएल द्वारा आयोजित चैम्पियनशिप कार्यक्रम में अपनी जीत का जश्न मनाया।
बीएसएनएल ने नई सेवाओं की घोषणा कर इसे और विशेष बना दिया है।

भारत के अग्रणी टीएसपी में से एक बीएसएनएल ने लायंसगेट, शेमारूमी, हंगामा और एपिकऑन के सहयोग से अपने ओवर-दि-टॉप (ओटीटी) सर्विस स्टार्टर पैक के लॉन्च की घोषणा की। बीएसएनएल बोर्ड के निदेशक सीएफए श्री विवेक बाँझल ने कहा, "उच्च मूल्य ओटीटी और प्रतिस्पर्धी मूल्य के इस अभिनव संयोजन के माध्यम से, बीएसएनएल अपने विशाल नेटवर्क के बुनियादी ढांचे और पूरे भारत में सशक्त उपस्थिति का लाभ उठाना चाहता है ताकि हर घर में किफायती ओटीटी मनोरंजन लाया जा सके, जिससे वे अपने पसंदीदा शो, फिल्में, संगीत, और भी बहुत कुछ स्ट्रीम कर सकें। साथ में, ये तालमेल एक व्यापक और किफायती दृश्य पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) बनाने का वादा करते हैं जो भारत में ऑनलाइन सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करेगा"।

बीएसएनएल ने माय बीएसएनएल (MyBSNL) मोबाइल ऐप के अपने उन्नत संस्करण की भी घोषणा की। श्री विवेक बाँझल, निदेशक (कंज्यूमर फिक्स्ड एक्सेस), बीएसएनएल बोर्ड, ने आगे कहा, "मोबाइल ऐप ग्राहक संचार का मुख्य चैनल बनने जा रहा है और हम अपने ग्राहकों के लिए शून्य स्पर्श सेवा परिदान (जीरो टच सर्विस डिलीवरी) को सक्षम करने के लिए इस प्लेटफॉर्म को विकसित कर रहे हैं।"

बीएसएनएल ने अपने फाइबर नेटवर्क पहुंच के माध्यम से 30,000 से अधिक ग्राम पंचायतों को समेटा है। पिछले छह माह की अवधि में 3 लाख से अधिक ग्राहक जुड़े हैं। शिमला में राष्ट्रीय कार्यक्रम में अपने एफटीटीएच और भारतनेट उद्यमी भागीदारों को सम्मानित करते हुए बीएसएनएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री पी. के. पुरवार ने कहा, "न केवल शहरी क्षेत्रों में, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजिटल पहल की जा रही हैं, जहां जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी ऑनलाइन शिक्षा, टेली-औषधि (मेडिसिन) आदि के माध्यम से अत्यधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पूरी तरह से कागजरहित ग्राहक संबद्धता (पेपरलेस कस्टमर ऑनबोर्डिंग) और केवाईसी प्रक्रिया ने बीएसएनएल और उसके उद्यमी भागीदारों की काफी मदद की है।" इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के विजेताओं को आमंत्रित किया गया और देश भर के ग्राहकों को प्रदत्त उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।
बीएसएनएल ने बीएसएनएल फाइबर रोलआउट को गतिशील करने हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य में तकनीकी संस्थानों के साथ उपलब्ध कुशल जनशक्ति को सम्मिलित करने के लिए आज हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।